internal adjustment in the water supply distribution to ensure that adequate drinking water is available to affected areas.

(c) Government have already enacted Inter-State Water Disputes Act, 1956 to provide for adjudication of disputes relating to waters of inter-State rivers and river valleys. Also there is a Standing Committee on inter-state issues in water resources with members drawn from the National Water Resources Council, constituted in April, 1990 under the Chairmanship of Union Minister of Water Resources to consider and arrive at a consensus for sharing of water of inter-state rivers.

ग्रामीण जल स्त्रोतों में फ्लोराइड की मात्रा

1776. श्री सत्य प्रकाश मालवीय :
श्री अनन्त राम जायसवाल :

क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ग्रामीण जल स्त्रोतों में फ्लोराइड की मात्रा बहुत अधिक है जिसके परिणामस्वरूप लोगों के जीवन के गंभीर खतरे में पड़ने की आशंका है;

(ख) यदि हां, तो ऐसे ग्रामों की अब तक की कुल संख्या कितनी है और ये ग्राम किस-किस राज्य में हैं;

(ग) क्या सरकार ने ग्रामीण जल स्त्रोतों में फ्लोराइड की बढ़ती हुई मात्रा पर नियंत्रण करने के लिये कोई कदम उठाया है; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० के० श्रृंगन) : (क) भूजल में फ्लोराइड की अधिकता जो दांतों और अस्थिपंजर में फ्लूराइसिस रोग का कारण हो सकती है वर्ष 1992 में 7342 गांवों में पायी गयी थी ।

(ख) 7342 गांवों का राज्यवार अलग-अलग ब्यौरा दर्शाने वाला विवरण संलग्न है (नीचे देखिए) ।

(ग) और (घ) उन गांवों में जहां भूजल में फ्लोराइड स्वीकार्य सीमा से अधिक पायी जाती है, पेयजल उद्देश्यों के लिए इस की आपूर्ति किए जाने से पूर्व इसे संसाधित करके स्वीकार्य सीमा में लाया जाता है । इसके अतिरिक्त, आठवीं योजना अवधि के दौरान राजीव गांधी राष्ट्रीय पेयजल मिशन ने राज्यों की मदद और पूरे सहयोग से फ्लोराइसिस के विरुद्ध अभियान चलाया है ।

विवरण

ऐसे राज्यों का ब्यौरा जहां जल स्त्रोतों म फ्लोराईड की मात्रा बहुत अधिक है

क्रम सं०	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	गांवों की संख्या
1.	आन्ध्र प्रदेश	1079
2.	गुजरात	1171
3.	हरियाणा	97
4.	केरल	2
5.	कर्नाटक	83
6.	महाराष्ट्र	86
7.	मध्य प्रदेश	17
8.	उड़ीसा	18
9.	पंजाब	474
10.	राजस्थान	4280
11.	तमिलनाडु	14
12.	त्रिपुरा	1
13.	उत्तर प्रदेश	10
14.	दिल्ली	10
	कुल :	7342